दिन– सोमवार दिनांक– 17 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. नीट परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले की जांच में आर्थिक अपराध इकाई ने छह चेक बरामद किये। जांच एजेंसी ने महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के दो अभ्यर्थियों को भेजा नोटिस।

02. केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा – नीट परीक्षा में अनियमितता की जांच में दोषी पाए जाने पर एनटीए के अधिकारियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई।

03. प्रदेश का दक्षिणी हिस्सा भीषण गर्मी और लू की चपेट में। रोहतास, औरंगाबाद और कैमूर समेत सात जिलों में आज भीषण लू की आशंका को लेकर रेड अलर्ट जारी।

04. और, त्याग तथा बलिदान का त्योहार ईद–उल–अजहा आज पूरे देश में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

---

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट के कथित पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने छह चेक बरामद किये हैं। ईओयू के उप महानिरीक्षक मानवजीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि ये सभी चेक पोस्ट डेटेड हैं। उन्होंने कहा कि यह परीक्षार्थियों और सॉल्वर गैंग के बीच लेन–देन का मामला हो सकता है। श्री ढिल्लो ने कहा कि संबंधित बैंकों से खाता धारकों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इधर, ईओयू ने इस मामले में महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के दो अभ्यर्थियों को नोटिस जारी किया है। कथित पेपर लीक मामले में जांच एजेंसी अबतक तेरह लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें चार परीक्षार्थी और अन्य परीक्षार्थियों के अभिभावक तथा सॉल्वर गैंग के सदस्य हैं।

---

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि इस वर्ष राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट के आयोजन में अनियमितता की जांच में दोषी पाए जाने पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी । श्री प्रधान ने ओडिशा के संबलपुर में कहा कि दो स्थानों पर अनियमितता बरतने की घटनाएं सामने आई हैं।

–––बाईट–––

नीट एक्जामिनेशन में कुछ विसंगतियां कुछ स्पेसिफिक जगह की ध्यान में आई है, जहां–जहां इस प्रकार की गड़बड़ियों की सूचना पुख्ता जानकारी के साथ अभी मिल रहा है, उस पर स्पेसिफिक कार्रवाई भी कोर्ट की निगरानी में सारा विषय को किया जा रहा है। उसमें जो भी गड़बड़ी में दोषी पाया जाएंगे और एनटीए भी हो, तो भी उसको बख्शा नहीं जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में बहुत सुधार किए जाने की आवश्यकता है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीस जून को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने के बाद मन की बात कार्यक्रम का यह पहला एपिसोड होगा। श्रोता टोल फ्री नम्बर **एक आठ शून्य शून्य–एक एक–सात आठ शून्य शून्य** के माध्यम से कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या **माइ जीओवी ओपन फोरम** के माध्यम से भी लोग ऑनलाइन अपने विचार साझा कर सकते हैं। अट्ठाईस जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

———————————————————

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड – सीबीआईसी ने देश में बढ़ती वित्तीय धोखाधड़ी की घटनाओं से निपटने के लिए मल्टी–मॉडल जागरूकता अभियान शुरू किया है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

इस अभियान के अंतर्गत लोगों को समाचार पत्रों, मोबाइल संदेशों, ईमेल और सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से वित्तीय धोखाधड़ी के जाल से बचाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। सीबीआईसी ने कहा कि ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं जहां धोखेबाज लोग खुद को भारतीय सीमा शुल्क अधिकारी बताकर पैसे ठगते हैं। ये धोखाधड़ी मुख्य रूप से फोन कॉल या एसएमएस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके की जाती हैं। लोगों को डराया जाया है कि यदि उन्होंने पैसे नहीं दिये तो उन्हें सजा हो सकती है या जुर्माना लग सकता है। बोर्ड ने लोगों से धोखेबाजों को समझने, अपनी जानकारी लोगों से साझा न करने, कॉल करने वालों को सत्यापित करने और सतर्क रहने और जालसाजी की शिकायत करने का आग्रह किया है। समाचार कक्ष से आकर्षिता सिंह।

———————————————————

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड ने कल शाम संसद भवन परिसर में नवनिर्मित प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। प्रेरणा स्थल को इस तरीके से विकसित किया गया है कि संसद भवन परिसर में आगन्तुक सरलता से महान नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं एक स्थान पर ही देख सकें। आगन्तुकों

को इनके बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया है। श्री धनखड ने कहा कि यह स्थल बहुत प्रेरणादायक है।

———बाईट———

दिस स्थल इज मोर्टिवेशनल एस्पिरेशनल और जो भी यहां कुछ भी पल बिताएगा। प्रभावित हुए बिना नहीं भारत के इतिहास में इन महापुरूषों का क्या योगदान है। इन महापुरूषों को किस कालखंड में याद किया गया। ऐसी परिस्थिति मैंने सेन्ट्रल हॉल भी देखे 1989 में सांसद बना। उसके बाद उसका परिवर्तन निरंतरता से हुआ।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रेरणा स्थल भविष्य की पीढियों को प्रेरणा देगा।

———बाईट———

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हो, बाबा साहब अंबेडकर हो, महाराणा प्रताप हो, चाहे छत्रपति शिवाजी हो, सभी प्रतिमाओं को हमने एक स्थान पर लाया है। ताकि आने वाली पीढ़ी जितनी भी प्रतिमाएं हैं। 15 प्रतिमाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके और उन्होंने इस देश के इतिहास में जो आध्यात्मिक सांस्कृतिक योगदान के साथ भारत के उच्चतम स्तर पर ले जाने का उनका योगदान है, उस हिस्ट्री को जान सकें।

---

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद के अधिकारियों की अठारह और उन्नीस जून को नालंदा में बैठक होगी। सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविन्द पनगढिया की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के अधिकारी शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान राज्यों के बीच कर हस्तांतरण और राजस्व वृद्धि के उपायों पर मुख्य रूप से चर्चा होगी।

---

केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि किसानों की भलाई के लिए काम करना उनकी प्राथमिकता होगी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे अभी अपने मंत्रालय की कार्य पद्धति का अध्ययन कर रहे हैं।

———बाईट———

---

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि राज्य में जल्द ही दस हजार अमीन की बहाली होगी। किशनगंज में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस महीने के अंत तक बहाली की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। डॉ.

जायसवाल ने कहा कि दो साल से अधिक समय से एक स्थान पर पदस्थापित राजस्व कर्मियों का तबादला किया जाएगा।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में जल्द ही तीन हजार दो सौ आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। पटना में एक कार्यक्रम में श्री चौधरी ने ये घोषणा की।

---

प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू को प्रकोप जारी है। बक्सर लगातार पांचवें दिन राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान छियालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया और नवादा जिले में कई स्थानों पर भीषण लू की आशंका को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, पटना, नालंदा और जमुई जिलों में भी कुछ स्थानों पर लू चलने की आशंका है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. सुमन ने बताया कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्य के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र कमजोर हो गया है। इसके चलते मॉनसून की उत्तरी रेखा इस्लामपुर से आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियां नहीं बन रही है। उन्होंने बताया कि बीस जून तक मॉनसून राज्य में प्रवेश कर सकता है।

———बाईट———

---

त्याग और बलिदान का त्योहार ईद–उल–अजहा यानि बकरीद आज पूरे देश में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की जा रही है। पटना के गांधी मैदान में सुबह सात बजकर तीस मिनट पर नमाज अदा की गयी।

———म्यूजिक———

बकरीद को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। प्रशासन सोशल मीडिया को लेकर भी विशेष सतर्कता बरत रहा है। बकरीद के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

---

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने निःशुल्क आधार अपडेट कराने की समय सीमा तीन महीने के लिए बढ़ा दी है। अब लोग चौदह सितम्बर तक निःशुल्क ऑनलाइन आधार कार्ड अपडेट करा सकते हैं।

---

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित वीमेन्स कबड्डी लीग में सीवान टाइटन्स की टीम विजेता बनी है। फाइनल मुकाबले में सीवान टाइटन्स ने सारण स्ट्राईकर्स को पराजित किया। पटना पेलिकन्स की टीम तीसरे स्थान पर रही। मगध वारियर्स की सुंदर कुमारी को बेस्ट रेडर तथा सीतामढ़ी सेंटीनेल्स की अंजली कुमारी को बेस्ट डिफेन्डर के खिताब से सम्मानित किया गया।

---

पटना के मालसलामी थाना क्षेत्र से पुलिस ने अवैध शराब की एक फैक्ट्री का उद्भेदन कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

बेगूसराय जिले के नीमा चांदपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दमदमा के पास से पुलिस ने हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने नीट परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले में ईओयू की जांच से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है– नीट माफिया के लिए जारी छह चेक बरामद। हर अभ्यर्थी से मांगे गये थे तीस–तीस लाख रूपए।

**प्रभात खबर** ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के बयान को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। अखबार लिखता है– नीट में बड़े सुधार की जरूरत। गुनहगार को नहीं छोड़ेगे, देंगे कठोर दंड।

**दैनिक जागरण** लिखता है– भीषण गर्मी से प्रदेश में दस लोगों की हुई मौत।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– प्रदेश में गंगा दशहरा के दिन नदी में दर्जनभर लोगों की डूबने से मौत।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ईवीएम पर फिर उठाये सवाल।

**आज** अखबार लिखता है– यूजीसी ने पोस्ट ग्रेजुएशन को लेकर नया फ्रेम वर्क जारी किया। अब एक वर्ष का होगा पीजी कोर्स।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. नीट परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले की जांच में आर्थिक अपराध इकाई ने छह चेक बरामद किये। जांच एजेंसी ने महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के दो अभ्यर्थियों को भेजा नोटिस।

02. केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा – नीट परीक्षा में अनियमितता की जांच में दोषी पाए जाने पर एनटीए के अधिकारियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई।

03. प्रदेश का दक्षिणी हिस्सा भीषण गर्मी और लू की चपेट में। रोहतास, औरंगाबाद और कैमूर समेत सात जिलों में आज भीषण लू की आशंका को लेकर रेड अलर्ट जारी।

04. और, त्याग तथा बलिदान का त्योहार ईद–उल–अजहा आज पूरे देश में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।